## संक्षिप्त

### प्रीत पंचाल ने क्षेत्र का मान बढ़ाया

**डूंगरपुर,(निसं)।** शहर के प्रताप नगर निवासी प्रीत पंचाल पुत्र हर्षवर्धन एवं नीतु पंचाल ने परिवार एवं क्षेत्र का मान बढाया है।



पंचाल का चयन आई.टी. क्षेत्र की प्रतिष्ठित मल्टीनेशनल कम्पनी केपजेमीनी में हुआ है। प्रीत ने प्रथम श्रेणी से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात कोटा में जेईई परीक्षा की कोचिंग कर जे.ई.सी.आरसी यूनिवर्सिटी जयपुर से बी.टेक.(कम्प्युटर साईन्स) फाईनल ईयर में अध्ययनरत है। सफलता का श्रेय अपने दादा-दादी लोक कलाकार स्व. सुरेश चन्द्र पंचाल एवं श्रीमती शान्ति देवी को दिया।

### सभापति टांक विजिटर मनोनीत

**राजसमंद, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देशों पर जिला कलक्टर अरविंद कुमार पोसवाल ने नगर परिषद सभापति अशोक टांक के साथ ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शांतिलाल कोठारी को जिला कारागृह के लिए गैर सरकारी विजिटर्स (सदस्य) मनोनीत किया है। दोनों मनोनित विजिटर्स जिला कारागृह का आकस्मिक रूप से निरीक्षण करते हुए वहां की व्यवस्थाओं का जायजा ले सकेंगे। इनके साथ ही राजसमंद एसडीएम को अध्यक्ष और राजसमंद पुलिस उपाधीक्षक को सरकारी सदस्य मनोनीत किया गया। इसी प्रकार उप कारागृह भीम के लिए अशोकसिंह पुत्र केसरसिंह व धन्नालाल पुत्र मदनलाल सेन को गैर सरकारी सदस्य एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट भीम को अध्यक्ष एवं भीम पुलिस उपाधीक्षक को सरकारी सदस्य मनानीत किया गया है।

### हादसे में बाइक सवार की मौत

**बांसवाड़ा,(निसं)।** कार की चपेट में आने से बाईक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सज्जनगढ थानाधिकारी धनपत सिंह ने बताया कि चारण की गढली निवासी लक्ष्मण ने कुशलगढ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 नवंबर को वह अपने रिश्तेदारों के साथ पडारिया गांव जा रहा था। उसका छोटा भाई प्रकाश मोटर साईकिल पर अकेला था जो आगे चल रहा था। मंगलवार शाम जब वे बाला सिंदूर पहुंचे तो सामने से आ रही कार ने प्रकाश को टक्कर मार दी जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आयी और मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार चालक मौके से भाग निकला। घर वालों को घटना की जानकारी देने के बाद प्रकाश के शव को बांसवाडा लाया गया।

### हरिसिंह कांग्रेस जिलाध्यक्ष बने

**राजसमंद, (निसं)।** कांग्रेस में डेढ साल से खाली चल रहे जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति कर दी है। सचिन पायलट खेमे की बगावत के बाद 16 जुलाई 2020 को कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों को जिला इकाइयों को भंग कर दिया था। अब बिना विवाद वाले जिलों में घोषणा हुई है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा ने कांग्रेस जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के लिए कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल को अंतिम सूचि सौंपी। अंतिम सूची के अनुरूप केसी वैणुगोपाल ने पहले फेज में बिना विवाद वाले नामों की घोषणा की जिसमें राजसमंद कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पद पर केलवा निवासी निवर्तमान पीसीसी सदस्य हरिसिंह राठौड को नियुक्त किया।

### भावेश जैन अध्यक्ष बने

**डूंगरपुर,(निसं)।** बाल अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार द्वारा भावेश को बाल संरक्षण एवं देखरेख के आदर्श नियम 2016 के तहत बाल कल्याण समिति डूंगरपुर के अध्यक्ष पद चेयरमैन बाल कल्याण समिति डूंगरपुर पर मनोनीत किया गया है' जिन्हें बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण के लिए प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की गई है इनका कार्य डूंगरपुर जिले के बालकों के संबंधित न्याय प्रदान करने का कार्य किया जाएगा जयश्री व बालकृष्ण परमार को सदस्य मनोनीत किया है।

### न्यायाधीश का स्वागत किया

**मावली,(निसं)।** मावली बार एसोसियेशन द्वारा जिला एवम् सत्र न्यायाधीश का स्वागत किया। मावली में उदयपुर जिला एवम् सत्र न्यायाधीश चंद्रप्रकाश शर्मा का मावली बार एसोसिएशन अध्यक्ष जयेश कुमार जैन के नेतृत्व में मावली के अधिवक्ताओ ने बार सभागार में पगडी और उपरना पहना कर स्वागत किया।

# युवा महोत्सव में प्रतिभागी युवाओं ने कुशलता एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया

- 'युवाओं का जुडाव नई तकनीक की ओर' थीम पर हुआ छठा महोत्सव





**राजसमंद में युवा महोत्सव के तहत जन विकास संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।**

**राजसमंद, (निसं)।** राजसमंद जन विकास संस्थान की ओर से संचालित जागृति परियोजना के अंतर्गत संस्थान के युवा नेतृत्वकर्ताओं की उपस्थिति में छठा युवा महोत्सव विविध गतिविधियों के साथ पूर्ण जोश एवं उत्साह से मनाया गया। कोरोना महामारी के मद्देनजर सजगता के साथ मनाए युवा महोत्सव की थीम ''युवाओं का जुडाव नई तकनीक की ओर'' था।

महोत्सव में जिले के खमनोर, राजसमंद, देलवाडा, रेलमगरा एवं कुंभलगढ ब्लॉक के 54 गांवों के 110 युवा नेतत्वकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत ईश वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकास अधिकारी भुवनेश्वरसिंह चौहान एवं विशिष्ट अतिथि सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग के जय प्रकाश थे। जबकि अध्यक्षता महावीर इंटरनेशनल के भरत दक ने की। संस्थान कोषाध्यक्ष ललिता शर्मा, फाउण्डर सदस्य पुष्पा सिंघवी ने स्वागत उद्बोधन दिया। प्रारम्भ में संस्थान निदेशिका शकुंतला पामेचा ने संस्थान एवं संगठन की जानकारी देते हुए जागृति परियोजना की विस्तृत जानकारी दी। महोत्सव की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले छह वर्षो से यह महोत्सव मनाया जा रहा है तथा हर बार एक विशेष थीम के साथ यह आयोजन होता रहा है। यह महोत्सव युवाओं की उम्मीदों और आकांक्षाओं पर ध्यान देने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर अपने गाव के विकास में बेहतर भागीदारी निभाने एवं कोरोना महामारी के दौर में जरुरतमंद लोगों तक खाद्य सामग्री पहुंचाने, बाल विवाह रुकवाने तथा बालिका शिक्षा, सरकारी योजनाओं से जुडाव, प्रशासन गांवों के संग अभियान में भागीदारी निभाने तथा समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थान से जुडे किशोर-किशोरियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही महोत्सव में विभिन्न संस्कृति एवं धर्म के किशोर-किशोरियां एक मंच पर आकर अनेकता में एकता दर्शाई। कार्यक्रम में युवाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। वहीं किशोर-किशोरियों में बदलाव की कहानी, वर्ष भर में किए गए कार्यों की प्रर्दर्शनी लगाई एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें प्रतिभागी युवाओं ने अपनी कुशलता एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान आधुनिक तकनीक से किशोर-किशोरियों का सशक्तिकरण विषय पर भी जानकारी साझा की गई। वहीं किशोर किशोरियों ने स्वयं की प्रतिभा का प्रदर्शन किया। परियोजना अधिकारी ममता सोनी ने नई तकनीक से किशोर-किशोरियों के जुडाव के बारे में चर्चा करते हुए इससे हुए फायदों की जानकारी दी तथा बताया कि नई तकनीक अपनाने से कई कार्यों में सरलता आई है तथा अनावश्यक परेशानियों से निजात मिली है। किशोर-किशोरियों के बदलाव की कहानी के तहत किशोरी लीडर दुर्गा गायरी, संतोष कुंवर, पारसी भील, तूफान बंजारा आदि ने संस्थान से जुडने के बाद उनके जीवन में आए बदलाव तथा परिवार, समाज व गांव के विकास सहित अन्य कार्यो में उनकी बढी भागीदारी आदि पर चर्चा की। मुख्य अतिथि चौहान ने बालिकाओं को सरकारी योजनाओ के बारे में जानकारी दी तथा संस्थान से जुडे किशोर-किशोरियों को उनके गांव के विकास के लिए इर सम्भव सहयोग देने की बात कहीं। विशिष्ट अतिथि जयप्रकाश ने किशोर किशोरियों के अधिकारों, निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था तथा शिशुगृह व चाइल्ड हेल्प लाइन सहित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। संस्थान के परियोजना प्रभारी अरविंद कुमार पामेचा ने किशोर-किशोरियों को अपना लक्ष्य बनाकर आगे बढते हुए अपने सपनों की उडान भरने की प्रेरणा दी। संस्थान की किशोरी लीडर दुर्गा गायरी ने वर्ष भर में किए गए कार्यों का वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया। संस्थान कार्यकर्ता लता, उषा रेगर, रीना, शबाना, दिव्या, चंदा, हिमागिनी, संगीता, ममता सोनी आदि उपस्थित थे। संचालन तुषार रेगर एवं गायत्री खटीक ने किया जबकि अंत में फरजाना बानू ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## फोरलेन से द्वारकाधीश मंदिर तक वैकल्पिक मार्ग को मिली स्वीकृति

- सेवाली से नौ चौकी होते हुए बनेगा एलिवेटेड रोड
- राज्य सरकार ने 32 करोड़ स्वीकृत किए

**राजसमंद, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 पर स्थित फोरलेन सडक से तृतीय पीठ प्रन्यास के द्वारकाधीश मंदिर तक दर्शनार्थियों की सीधी पहुंच के लिए नगर परिषद की ओर से बनाए जाने वाले वैकल्पिक मार्ग की डीपीआर निर्माण कार्य को राज्य सरकार की ओर से स्वीकृति मिल गई है। साथ ही संबंधित फर्म ने इस कार्य को तकनीकी रूप से भी स्वीकृति प्रदान कर दी है। ऐसे में इस निर्माण कार्य के जल्द ही इसी वित्तीय वर्ष में शुरू होने की उम्मीद है।

नगर परिषद सभापति अशोक टांक ने बताया कि शहर में स्थित करीब चार सौ वर्ष से भी अधिक पुराने पुष्टिमार्गीय वैष्णव संप्रदाय की तृतीय पीठ के द्वारकाधीश मंदिर में रोजाना सैकडों की संख्या में देश व प्रदेश के दर्शनार्थी दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। लेकिन, मंदिर तक पहुंच का मार्ग काफी संकडा व ढलान वाला होने से दर्शनार्थियों को पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पडता है। ऐसे में मंदिर तक पहुंचने के लिए स्थानीय जनता व वैष्णवों द्वारा लम्बे समय से एक वैकल्पिक और सीधे मार्ग की मांग की जाती रही है। शहरवासियों की इसी बरसों पुरानी मांग पर नगर परिषद के प्रस्ताव पर राज्य सरकार ने रूडीप के फेज प्रथम व द्वितीय के तहत पूर्व के 30 की जगह अब 32 करोड रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। मार्ग के निर्माण को लेकर 21 लाख रुपए की डीपीआर के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। सभापति टांक ने बताया कि शहर में स्थित वैष्णव संप्रदाय के प्रमुख तीर्थ स्थल पुष्टि मार्ग की तृतीय पीठ के श्री द्वारकाधीश मंदिर में प्रदेश के साथ ही देशभर से हजारों दर्शनार्थी दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। लेकिन, मंदिर तक पहुंच का एकमात्र रास्ता है, जो कि न तो सुगम और न ही आवागमन की दृष्टि से बेहतर है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए बैंक अधिकारियों की बैठक ली

**बांसवाड़ा,(निसं)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पुरणसिंह मीना ने आगामी 11 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए बैंक अधिकारियों की बैठक ली। प्राधिकरण सचिव मीना ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से बैंक सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण पर आमजन को रियायत मिलेगी।





**राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए बैंक अधिकारियों की जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बैठक ली।**

आमजन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने प्रकरण का निस्तारण करवाने पर अपने बकाया ऋण पर बैंको के नियमानुसार अधिकतम छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है। ऋणी की मृत्यु की स्थिति में उसके विधिक उत्तराधिकारी भी लोक अदालत के माध्यम से मृतक ऋणी के ऋण का अधिकतम छूट के साथ निपटारा कर ऋण के बोझ से मुक्त हो सकते है। इससे न केवल प्रकरण का निस्तारण होगा बल्कि ऋणी अपना रिकार्ड भी सही कर सकते है। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से प्री-लिटिगेशन में धारा 138, परक्राम्य विलेख अधिनियम, बैंक रिकवरी, श्रम विवाद, पानी व बिजली के बिल एवं अन्य दाण्डिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य सिविल विवाद और न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों में शमनीय दाण्डिक अपराध, अन्तर्गत धारा 138, परक्राम्य विलेख अधिनियम, बैंक रिकवरी मामले, एमएसीटी मामले, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, अन्य सिविल मामलें आदि प्रकरणों का निस्तारण आपसी राजीनामे से सोहार्दपूर्वक किया जायेगा। इस अवसर पर लीड बैंक मेनेजर हेमेन्द्र जायसवाल, एएलडीएम बीओबी मानवेन्द्र सिंह, चीफ मेनेजर एसबीआई डीके डामोर के साथ ही विभिन्न बैंको के प्रतिनिधि जितेन्द्र मीना, मनोज कुमार गुप्ता व जयन्तिलाल आदि को अधिकाधिक प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये।

## कैबिनेट मंत्री मालवीया का चौरासी क्षेत्र में भव्य स्वागत

- जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष महेंद्र भगोरा ने उन्हें साफा बांध स्वागत किया
- एनिकट व विकास कार्यों को स्वीकृत कराने की मांग रखी

**डूंगरपुर,(निसं)।** राज्य के जल संसाधन मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया 1 दिसम्बर को डूँगरपुर जिले के दौरे पर रहे जहां उनका हर क्षेत्र में अभूतपूर्व स्वागत हुआ।

चौरासी विधानसभा पहुंचने पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव व डूंगरपुर-बांसवाडा संसदीय क्षेत्र पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। पंचायत समिति सीमलवाडा सदस्य व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष महेंद्र भगोरा ने उन्हें साफा बांध स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस महामंत्री मुश्ताक अहमद पठान, विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एडवोकेट बालगोविंद पाटीदार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाशचन्द्र पाटीदार, क्रय-विक्रय सहकारी समिति के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र भगोरा, सुरेश भोई, सहित हजारों की तादात में कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसी तरह सेवादल ने जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीतसिंह मालविया के जिले में प्रवास के दौरान ज्ञापन सौपकर कई एनिकट व विकास कार्यो को स्वीकृत कराने की मांग रखी।



**केबीनेट मंत्री मालवीया का अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव व डूंगरपुर-बांसवाडा संसदीय क्षेत्र पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चौरासी क्षेत्र में मार्ल्यापण कर स्वागत किया।**

## 6.32 लाख नकदी से भरा एटीएम उखाड़ ले गए बदमाश

- गत रात्रि के समय ब्यावर भीलवाड़ा मार्ग पर
- नवस्थापित बार थाना क्षेत्र के पीपली का बाड़िया की घटना

**भीम,(निसं)।** ब्यावर भीलवाड़ा मार्ग पर गत रात्रि के समय उपखंड के बार थाना क्षेत्र के पीपली का बाड़िया स्थित पंजाब नेशनल बैंक के 6.32 लाख नकदी भरे एटीएम को अज्ञात बदमाश उखाड़ ले गए।

बदमाशों ने बार के पिपली का बाडिया में लगे पीएनबी बैंक के एटीएम को निशाना बनाया। बदमाश बोलेरा कार से आए और 6 लाख 32 हजार से भरा एटीएम लूटकर कार में साथ ले गए। एटीएम लूटने की घटना के दौरान आवाज सुनकर आसपास के लोग जाग गए। उन्होंने बदमाशों को रोकने के लिए उन पर पत्थर भी फेंके, लेकिन बदमाश एटीएम लूटकर फरार हो गए। बार थानाधिकारी दलपतसिंह ने बताया कि बुधवार तड़के करीब 3.30 बजे 4-5 बदमाश बोलेरो से आए और पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को उखाड़ दिया। एटीएम मशीन बैंक के नीचे दुकान में लगी थी। एटीएम पर कोई गार्ड नहीं था। एटीएम में 6 लाख 32 हजार 300 रुपए रखे थे। एटीएम उखाड़ने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों की नींद खुल गई। उन्होंने बाहर जाकर देखा तो बदमाश एटीएम को बोलेरो कार में भर रहे थे। इस पर लोगों ने उनको भगाने के लिए पत्थर भी फेंके, लेकिन बदमाश एटीएम लूटकर भाग गए। इस दौरान लोगों ने पुलिस को एटीएम लूटने की सूचना दी। घटना के आधे घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक बदमाश फरार हो गए। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए राजसमंद सहित भीलवाड़ा और अजमेर जिले में नाकाबंदी करवाई। थानाधिकारी दलपतसिंह ने बताया बैंक कर्मी आने के बाद ही सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य जानकारी के आधार पर अनुसंधान किया जा रहा है। बदमाशों ने शटर और दरवाजा भी तोड़ दिया। षाखा प्रबंधक अमित कुमार ने रिपोर्ट दी है कि एटीएम में 6,32,300 नकदी थी। जिसे अज्ञात बदमाश उठा ले गये।

## सीमाल घटना पर जताया अक्रोश

**राजसमंद, (निसं)।** कुंवारिया थाना क्षेत्र के सीमाल गांव में गले में गमछा डालने की बात को लेकर दलित युवक से मारपीट की घटना पर दलित एवं आदिवासी संयुक्त संगठन ने आक्रोश जताते हुए इसके लिए पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता एवं ढुलमुल रवैये को जिम्मेदार ठहराया है। राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान जिला संयोजक एसएल भाटी, अजाक संघ जिलाध्यक्ष पीके बुनकर, अम्बेडकर जयंती समारोह समिति जिलाध्यक्ष संतोष दूरिया, सह संयोजक दिनेश पहाडिया, भीमसेना जिलाध्यक्ष लालूराम बैरवा, प्रदेश महासचिव प्यारेलाल बैरवा, आदिवासी एकता परिषद प्रदेश कोषाध्यक्ष रामलाल मीणा, अजाक जिला प्रवक्ता अनिल जीनगर, भीमसेना नाथद्वारा ब्लॉक अध्यक्ष सुरेशचन्द्र रेगर, अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी जिलाध्यक्ष कमलेश पहाडिया आदि पदाधिकारियों ने पुलिस की कार्यशैली पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यदि पूर्व में हुई घटना के आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई होती तो ऐसी कारस्तानी करने वालों के हौंसले पस्त होते एवं घटना की पुनरावृत्ति नहीं होती।

# पर्यवेक्षक व सभापति ने शिविर में लाभार्थियों को पट्टे वितरित किये

- आज वार्ड 31, 32 और 33 के वार्डवासियों हेतु आयोजित होगा

**डूंगरपुर,(निसं)।** नगरपरिषद में बुधवार को वार्ड संख्या 31ए 32 और 33 के वार्डवासियों हेतु शहीद भगत सिंह सामुदायिक भवन में प्रशासन शहरो के संग अभियान के अंतरगर्त शिविर का आयोजन किया गया जिसमे वार्डवासियों ने शिविर संबंधित जानकारी ली और विभिन कार्यो हेतु आवेदन जमा कराये।

शिविर में उदयपुर से आये शिविर के पर्यवेक्षक और अधीक्षण अभियंता मनीष अरोडा ने शिविर का निरीक्षण किया और शिविर में हो रहे कार्यो की जानकारी ली। शिविर में दिए जा रहे पट्टो की जानकारी लेकर आवेदनकर्ता को तत्काल कार्य कर लाभान्वित करने के निर्देश प्रदान किये वही नगर मित्र से भी आमजन को दी जा रही जानकारी की विस्तृत जानकारी ली। पर्यवेक्षक अरोडा के साथ सभापति अमृत कलासुआ और आयुक्त नरपतसिंह राजपुरोहित ने लाभार्थियों को पट्टे वितरित किये।

आयुक्त नरपतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि शिविर में नामांतरण,उपविभाजन,भवन निर्माण स्वीकृति और 69 ए के आवेदन आ रहे है और सभी आवेदनों का जांच के बाद उनका निराकरण भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शिविर में स्टेट ग्रांट एक्ट के तहत पट्टा,खाँचा भूमि नियमन, अतिक्रमण नियमन, भवन निर्माण स्वीकृति, अपंजीकृत पट्टे अथवा आवटंन पत्र, विक्रय विलेख का पुनर्वेध कर पंजीकरण कराने के कार्य, आवासीय क्षेत्रों अथवा कृषि भूमि पर बसी आवासीय कॉलोनियों के भीतर गैर आवासीय गतिविधियों का नियमितिकरण सहित नगरपरिषद समबन्धित अनेक कार्यो को इस शिविर में सम्पादित किये जा रहे है। शिविर में पार्षद अशोक चौबीसा, भावना राव और हिना जोशी और कर्मचारी मौजूद रहे। गुरूवार को भी शहीद भगत सिंह सामुदायिक भवन में वार्ड संख्या 31, 32 और 33 के वार्डवासियों हेतु शिविर आयोजित होंगा।





**नगर परिषद द्वारा प्रशासन शहरों के संग शिविर के तहत पट्टे का वितरण करते परिषद सभापति व अन्य।**

## सार-समाचार

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**कानोड़,( निसं )।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत बलीचा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पर मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आरबीएसके प्रोग्राम के तहत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, निःशुल्क जांचे, निःशुल्क दवाइयां, चिरंजीवी पंजीयन, दिव्यांग प्रमाण पत्र, गैर संक्रामक रोगो की जांच, टीवी सिलिकोसिस के मरीजों की जांच, परिवार कल्याण सेवाएं में पुरुष व महिला नसबंदी हेतु लोगों को प्रेरित करना, कोविड जन जागरण व टिकाकरण , रूटीन टीकाकरण, गंभीर बीमारियों के रोगियों को रेफर कार्ड से उदयपुर निःशुल्क चिकित्सा हेतु रेफर किया। शिविर में फिजीशियन, नेत्र रोग, दंत रोग, शिशु रोग, स्त्री रोग, आयुष विशेषज्ञों ने अपनी सेवा शिविर में दी। आयोजित शिविर में 98 रोगियों का उपचार किया गया वही सात मरीज को उदयपुर रेफर किया। शिविर में बलीचा सरपंच श्रवण कुमार मीणा के साथ ही अन्य ग्रामीण रोगियों ने भी अपना चेकअप करवाया। इस दौरान शिविर में खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनीष सिंह चौधरी, कु ण चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लोकेश मीणा, चिकित्सा अधिकारी आयुष डॉक्टर रामपाल, आरबीएसके चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर यामिनी पींगोलिया, पेसिफिक मेडिकल कॉलेज उदयपुर से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम सहित स्थानीय चिकित्सा कर्मियों ने अपनी सेवाएं दीं

### डॉ. जोशी व मंत्री यादव का स्वागत





**कपासन,(निसं।)** जयपुर में सेन्ट्रल पार्क में शान्ति और अंहिसा निदेशालय एवं महात्मा गांधी इन्स्टीट्यियुट ऑफ गवर्नेंस एवं सोशल साईसेज के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को सात दिवसीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर का विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी.जोशी के मुख्य आतिथ्य एवं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री राजेन्द्र यादव एवं वरदा महाराष्ट्र के गांधीवादी विचारक अमरनाथ भाई के विशिष्ट आतिथ्य में शुंभारम्भ हुआ।इस मौके पर शान्ति और अहिंसा निदेशालय के निदेशक मनीष कुमार शर्मा एवं बी.एल. शर्मा उपस्थित थे। उदयपुर संभाग के इस सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिवस में चित्तौड़गढ़ जिले के ब्लॉक संयोजक महेश धूत, डॉ. गोपाल सालवी, शंकर लाल प्रजापत, दिलीप जैन, कमलेश पोरवाल, शीतल डाड, अशोक लढा, रामसिंह जाट ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी.जोशी, उच्च शिक्षामन्त्री राजेन्द्र यादव, गांधीवादी अमरनाथ भाई एवं शान्ति एवं अंहिसा निदेशालय के निदेशक मनीष शर्मा को गांधी के अनमोल विचार की तस्वीर भेंट कर सूत की माला पहनाकर चित्तौड़गढ़ जिले की ओर से स्वागत किया गया।

### माही महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित

**बांसवाड़ा,(निसं)।** माही महोत्सव को भव्य रुप देने के लिए जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए सौंपे गये कार्य समय पर पूर्ण कर इसे यादगार बनाने की अपील की है। सिंह बुधवार को कलेक्ट्री सभाकक्ष में माही महोत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने माही महोत्सव से संबंधित तैयारियों और रूपरेखा के बारे में सभी संबंधित अधिकारियों से विस्तार से चर्चा करते हुए निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नैसर्गिक सौन्दर्य और प्रचुर प्राकृतिक सम्पदा की बदौलत जिला पर्यटन विकास की दृष्टि से अपार संभावनाओं से भरा है और ऐसे में माही महोत्सव जैसे आयोजनों से जिले के पर्यटन विकास को और अधिक सम्बल प्राप्त होगा। उन्होंने माही महोत्सव के सभी भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी आयोजनों को बेहतर स्वरूप प्रदान करें ताकि अबकि बार यह महोत्सव पिछले वर्षो के मुकाबले और अधिक उपयोगी, स्तरीय एवं अविस्मरणीय छाप छोड सके। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले माही महोत्सव की शोभा यात्रा की पूर्व तैयारी के लिए प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यकारी की अध्यक्षता में संबंधित विभाग, स्कूल के प्राचार्यो एवं नगर क्षेत्र के सर्व समाज के अध्यक्षों की बैठक हुई। जिसमें माही शोभा यात्रा के आयोजन के लिए रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर नेरश बुनकर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भवानी सिंह पालावत, उप वनसरंक्षक हरिकिशन सारस्वत सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### बारिश में बाइक स्लीप, युवक की मौत

**डूंगरपुर,(निसं)।** जिले के बिछीवाडा थानान्र्तत बरसात के कारण बुधवार सुबह बाइक स्लीप होने से युवक का सिर फट गया। जिससे वह बाइक सहित करीब 50 फीट दूर जाकर गिरा। तथा अत्यधिक रक्तस्राव से युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुची और मृतक के जेब से मिले मोबाईल के आधार पर परिजनो को घटनाक्रम से अवगत कराया। जिसके पहुंचने के पश्चात मृतक के शव का पोस्ट मार्टम करा परिजनो को सुपुर्द किया। मृतक उदयपुर जिले के जाम्बुडा गांव का रहने वाला है तथा अहमदाबाद जाने के लिए मंगलवार रात ही घर से निकला था। पुलिस सूत्रो ने बताया कि राजेश 22 पुत्र हुरमा मीणा बाइक से अहमदाबाद मजदूरी करने जा रहा था। वह उदयपुर जिले के जाम्बुडा गांव का रहने वाला था। मंगलवार रात ही घर से निकला था। बिछीवाडा नेशनल हाइवे नम्बर-8 पर लेहणा घाटी में बुधवार सुबह बरसात के कारण बाइक स्लीप हो गई। 50 फीट दूर जाकर गिरे युवक का सिर फट गया और पैर टूट गए। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा।

### राजसमंद के हनीफ शैख प्रथम

**राजसमंद, (निसं)।** उदय कमल साहित्य संगम द्वारा श्रृंगार विषय पर प्रकाशित पुस्तक ख्वाबों के परिन्दे का ऑनलाइन लोकार्पण हुआ। संस्था के मुख्य प्रबन्धक व सम्पादक कमल दहिया और कपीश माहेश्वरी ने बताया कि उक्त श्रृंगार रस की पुस्तक में देश के ख्यातनाम 48 रचनाकारों की रचनाओं को स्थान मिला है। प्रत्येक रचनाकार ने अपनी बेहतरीन और लाजवाब रचना प्रकाशन के लिए दी है। निश्चित रूप से साहित्य की दुनिया में लंबे समय तक इन रचनाओं को पढा जाता रहेगा। सम्पादक ने बताया कि सामुहिक प्रकाशन के साथ ही समस्त रचनाओं में से तीन सर्वश्रेष्ठ रचनाओं का चयन करना था जो निश्चितरूप से एक कठिन कार्य था। सभी की रचनाएँ एक से बडकर एक थी। सम्पादक मण्डल एवं निर्णायक मण्डल की सर्वसम्मति से समस्त उदय कमल साहित्य संगम कार्यकारिणी द्वारा परिणाम घोषित किया गया। इसमें प्रथम स्थान के लिए कांकरोली के ख्यातनाम शायर जनाब शैख मुहम्मद हनीफ रिजवी का चयन किया गया और उनसे सम्पादक मण्डल में शामिल होने का आग्रह किया गया।

### युकां ने केन्द्र के खिलाफ जताया विरोध

**राजसमंद, (निसं)।** राजस्थान प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष विधायक गणेश घोघरा के निर्देश पर राजसमंद युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव आचार्य के नेतृत्व में केंद्र सरकार की गलत नीतियों एवं महंगाई के विरोध में बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित विवेकानंद चौराहा से लेकर मुख्य चौपाटी तक जन जागरण पैदल यात्रा निकाली गई। जिसमें युकां कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार व पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन महासचिव दिनेश गाडरी, अर्जुन खटीक, युवा नेता पीरू खिंची, आशिष पालीवाल, जिला सचिस आशीष खटीक, राकेश चौधरी, भैरूलाल भील, भीमराज भील, गणेश, राजू गुर्जर, मांगीलाल पहाडिया सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।